# Code No. 703

**Class : 11th (Eleventh)** **Series : 11-M / 2018**

रोल नं० : | | | | | | | | | | |

हिन्दी केन्द्रिक (कोर)

[ सभी वर्ग I, II, III के लिए ]

(only for Fresh / School Candidates)

समय : **3** घण्टे ] [ पूर्णांक : **80**

---

- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **8** तथा प्रश्न **12** है।
- प्रश्न- पत्र में सबसे ऊपर दिये गये कोड नम्बर की छात्र उत्तर पुस्तिका के मुख्य-पृष्ठ पर लिखें।
- कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें।
- उत्तर पुस्तिका के बीच में खाली पन्ना / पन्ने न छोड़े।
- उत्तर-पुस्तिका के अतिरिक्त कोई अन्य सीट नहीं मिलेगी। अतः आवश्यकतानुसार ही लिखे और लिखा उत्तर न काटे।
- परीक्षार्थी अपना रोल नं प्रश्न-पत्र पर अवश्य लिखें। रोल नं० के अतिरिक्त प्रश्न-पत्र पर अन्य कुछ भी न लिखे और वैकल्पिक प्रश्नों के उत्तरों पर किसी प्रकार का निशान न लगाऐं ।
- कृपया प्रश्नों के उत्तर देने से पूर्व यह सुनिश्चित करने कि प्रश्न-पत्र पूर्ण व सही है परीक्षा के उपरान्त इस सम्बन्ध में कोई भी दावा स्वीकार नहीं किया जायेगा।

---



Downloaded from cclchapter.com

**नोट :-** (i) **सभी प्रश्न अनिवार्य है।**

(ii) शुद्ध, सार्थक एवं तर्कसंगत उत्तरों को उचित अधिमान दिया जाएगा। वर्तनीगत अशुद्धियों एवं विषयांतर की स्थिति में कम / शून्य अंक देकर दंडित किया जा सकता है।

1. निम्नलिखित बहुविकल्पीय प्रश्नों के सही विकल्प चुनकर उत्तर-पुस्तिका में लिखिएः 1 × 7 = 7

(क) भवानी प्रसाद मिश्र की माँ कैसी थी ?

(i) शिक्षित (ii) अनपढ़

(iii) सुशिक्षित (iv) अधिकारी

(ख) चंपा के पिता का नाम लिखिए :

(i) सुन्दर (ii) सोहन

(iii) श्याम (iv) सुशील

(ग) नजर के लिए कैसा नजारा चाहिए ?

(i) कल्पनातीत (ii) आशातीत

(iii) हसीन (iv) अभेद्य

(घ) 'चन्नमल्लिकार्जुन' शब्द का अर्थ क्या है ?

(i) ब्रह्मा (ii) विष्णु

(iii) इन्द्र (iv) शिव



Downloaded from cclchapter.com

(ङ) 'मरसिया' कैसा गीत है ?

(i) शोक गीत (ii) श्रृंगार गीत

(iii) हास्य गीत (iv) भक्ति गीत

(च) मिट्टी का क्या गुण है ?

(i) ममता (ii) लघुता

(iii) सोथापन (iv) मधुरता

(छ) आधी रात को क्या होता है ?

(i) उजाला (ii) तम

(iii) भोर (iv) प्रदोष

2. निम्नलिखित काव्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 6

एक पवन एक ही पानी एकै जोति समांनां।

एकै खाक गढ़े सब भांडै एकै कोहरा सांनां।।

जैसे बाढ़ी काष्ट ही काटै अगिनि न काटे कोई।

सब घट अंतरि तूँही व्यापक घरे सरूपै सोई।।



Downloaded from cclchapter.com

**अथवा**

मौत के आगे न हिचकें,
शेर के आगे न बिचके,
बोल में बादल गरजता,
काम में झंझा लरजता।

3. निम्नलिखित काव्यांश में निहित काव्य सौंदर्य स्पष्ट कीजिए : 4

सबसे खतरनाक वह दिशा होती है
जिसमें आत्मा का सूरज डूब जाए
और उसकी मुर्दा धूप का कोई टुकड़ा
आपके जिस्म के पूरब में चुभ जाए।

4. निम्नलिखित में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 4 + 4 = 8

(क) अक्कमहादेवी की कविताओं में निहित भक्ति भावना पर प्रकाश डालिए।

(ख) चंपा की मनोदशा का वर्णन कीजिए।

(ग) 'वे आँखें' कविता का मूलभाव लिखिए।

5. निम्नलिखित बहुविकल्पीय प्रश्नों के सही विकल्प चुनकर अपनी उत्तर-पुस्तिका में लिखिए : 1 x 7 = 7

(क) मोहन पढ़ने के लिए किस शहर में गया ?

(i) लखनऊ (ii) गोरखपुर

(iii) आगरा (iv) मेरठ



Downloaded from cclchapter.com

(ख) शिवशंभु के यहाँ कितनी गाये थीं ?

(i) चार (ii) तीन

(iii) दो (iv) पाँच

(ग) भूपेन बाबू की बोलती क्या देखकर बंद हुई ?

(i) शेर (ii) साँप

(iii) चीता (iv) डकैत

(घ) मियाँ नसीरुद्दीन के कारीगर का नाम लिखिए :

(i) जहीर (ii) नजीर

(iii) शौकत (iv) बब्बन मियाँ

(ङ) पंडित अलोपीद्दीन की इष्टदेवी का नाम लिखिए :

(i) दुर्गा (ii) लक्ष्मी

(iii) शारदा (iv) भवानी

(च) सैयद हैदर रजा किस स्कूल में पढ़े ?

(i) कानपुर स्कूल (ii) जौनपुर स्कूल

(iii) नागपुर स्कूल (iv) भोपाल स्कूल

(छ) जामुन के पेड़ की जगह का नाम लिखिए :

(i) लॉन न्यायालय (ii) लॉन कॉलेज

(iii) लॉन दवाखाना (iv) लॉन सेक्रेटेरियेट



Downloaded from cclchapter.com

6. निम्नलिखित गद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 6

आश्चर्य की बात यह है कि दर्शक तो क्या स्वयं सूत्रधार भी नहीं जानता था कि उसने जो खेल सुखांत समझकर खेलना आरंभ किया था, वह दुखांत हो जायेगा जिसके आदि में सुख था, मध्य में सीमा से बाहर सुख था, उसका अंत ऐसे घोर दुख के साथ कैसे हुआ ? आह! घमंडी खिलाड़ी समझता है कि दूसरों को अपनी लीला दिखाता हूँ। किंतु परदे के पीछे एक और ही लीलामय की लीला हो रही है, यह उसे खबर नहीं।

**अथवा**

मैं शहरों में ऐसा बहुत कम करता, क्योंकि वहाँ के सुनने वाले कुछ ज्यादा सयाने थे और उन्हें दूसरे ही किस्म की गिजा की जरूरत थी। लेकिन किसानों से जिनका नजरिया महदूद था, मैं इस बड़े देश की चर्चा करता, जिसकी आजादी के लिए हम लोग कोशिश कर रहे थे और बताता कि किस तरह देश का एक हिस्सा दूसरे से जुदा होते हुए भी हिन्दुस्तान एक था।

7. (क) स्पीति की घाटी में वर्षा के दृश्य का वर्णन कीजिए। 2

(ख) धनराम की कार्यक्षमता को रेखांकित कीजिए। 2

8. मन्नू भण्डारी अथवा जवाहर लाल नेहरू के जीवन परिचय, साहित्यिक विशेषताओं एवं भाषा-शैली पर प्रकाश डालिए। 3



Downloaded from cclchapter.com

9. वितान (भाग-1) के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 2 x 5 = 10

(क) बेबी हालदार को सुनील से क्या सहायता मिली ?

(ख) बेबी हालदार भारतीय नारी की मुश्किलों का प्रतीक क्यों है ?

(ग) कुमार गंधर्व स्वर-माधुरी से चकित क्यों रह गए ?

(घ) लता मंगेशकर की लोकप्रियता का वर्णन कीजिए।

(ङ) रेजाणीपानी का विश्लेषण कीजिए।

10. 'अभिव्यक्ति और माध्यम के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

(क) अनुस्मारक एवं कार्यसूची में अंतर स्पष्ट कीजिए। 6

(ख) पत्रकारिता के प्रमुख प्रकारों का विवेचन कीजिए। 6

(ग) (i) संचार की परिभाषा लिखिए। 1

(ii) पटकथा को परिभाषाबद्ध कीजिए। 1

(iii) शब्दकोशीय क्रम में लिखिए : 1

करतल, कृपा, कमल



Downloaded from cclchapter.com

11. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

1 x 4 = 4

मूलतः अर्थ की कमी गरीबी नाम से अभिहित की जाती है। प्रगतिशील देशों में दरिद्रता चरम पर है। विद्वानों का मत है कि गरीबी के समान कोई दुख नहीं है। साधन नहीं होगा तो साध्य की प्राप्ति नहीं होगी। निरुद्देश्य जीवन सारहीन होता है। अर्थाभाव में सब कुछ शून्यवत् दिखाई पड़ने लगता है। सभ्यता और संस्कृति का विकास दरिद्र के लिए पहेली बन जाता है।

(i) प्रस्तुत गद्यांश का शीर्षक लिखिए।

(ii) उद्देश्यशून्य जिंदगी कैसी होती है ?

(iii) गरीब के लिए सभ्यता क्या है ?

(iv) सबसे बड़े दुख का नाम लिखिए।

12. (क) संधि-विच्छेद कीजिए : 1 + 1 = 2

सायक, वागीश

(ख) विग्रह करके समास का नाम लिखिए : 1 + 1 = 2

नवदुर्गा, गिरिधर

(ग) वाक्य-शोधन कीजिए : 1 + 1 = 2

(i) राम, कृष्ण, महावीर, आदरणीय हैं।

(ii) माधुर्यता की प्रशंसा की जाती है।

Downloaded from cclchapter.com